# भारतीय जनता पार्टी

(केन्द्रीय कार्यालय)
6-ए, दीनदयाल उपाध्याय मार्ग, नई दिल्ली

दिनांक: 26 मई 2024, रविवार

## केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री श्री अमित शाह द्वारा पंजाब के लुधियाना में आयोजित जनसभा में दिए गए उद्बोधन के मुख्य बिन्दु

**2 जून को केजरीवाल जेल और 6 जून को राहुल बाबा विदेश जा रहे हैं**

*****************

**AAP और कांग्रेस दिल्ली, हरियाणा और गुजरात में दोस्त और पंजाब में आते ही जानी दुश्मन**

*****************

**अगर आजादी के वक्त भाजपा होती, तो करतापुर कॉरिडोर नहीं जाने देती**

*****************

**विभाजन से लेकर आज तक कांग्रेस ने पंजाब को सिर्फ घाव देने का काम किया**

*****************

**मोदी 3.0 में हम नशे को पंजाब के मूल से उखाड़ कर फेंक देंगे**

*****************

**पंजाब में आतंकवाद लाने वालों को बख्शा नहीं जाएगा**

*****************

**केजरीवाल ने पंजाब को भ्रष्टाचार का एटीएम बना दिया है, 'भगवंत मान' नाम के क्रेडिट कार्ड से पैसा ले जाते हैं**

*****************

**मसखरी करना एक बात है, पंजाब को सुधारना दूसरी बात है, यह भगवंत मान के बूते की बात नहीं है**

*****************

माननीय केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री और भारतीय जनता पार्टी के वरिष्ठ नेता श्री अमित शाह ने आज रविवार को पंजाब के लुधियाना में जनसभा को संबोधित करते हुए कांग्रेस के भ्रष्टाचार और आम आदमी पार्टी के कुशासन की जमकर आलोचना की और आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में किए गए विकास कार्यों और का उल्लेख किया। कार्यक्रम के दौरान पंजाब भाजपा प्रदेशाध्यक्ष श्री सुनील जाखड़, राष्ट्रीय सचिव श्री मंजिंदर सिंह सिरसा, भाजपा वरिष्ठ नेता श्री विजय सांपला एवं लुधियाना से लोकसभा प्रत्याशी श्री रवनीत सिंह बिट्टू सहित अन्य नेतागण मंच पर उपस्थित रहे।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि पंजाब को लेकर कही गई कुछ कहावतें बिल्कुल सही हैं कि अगर **पंजाब न हो तो देश सुरक्षित नहीं रह सकता, पंजाब न हो तो देश का पेट नहीं भर सकता। हमला चाहे बाबर का हो, या औरंगजेब का हो, या पाकिस्तान का, हमेशा भारत की रक्षा करने का काम पंजाब के वीर जवानों ने किया है।** गुरु तेग बहादुर जी ने कश्मीर से आए कश्मीरी पंडितों की बात पर हिन्दू धर्म को बचाने के लिए दिल्ली के दरबार में अपना सर्वोच्च बलिदान दिया था। यह उनके लिए संदेश है जो आज हिन्दू और सिख की बात कर रहे हैं, क्योंकि **भाजपा मानती है कि आज हम अगर सुरक्षित खड़े हैं, तो 9वें सिख गुरु श्री गुरु तेग बहादुर जी के बलिदान के कारण ही बचें हैं।** देश का सम्मान अफगानों के सामने बचाना हो, या अंग्रेजों के सामने, महाराजा रंजीत सिंह ने हमेशा पंजाब के शेर की भांति

देश का सम्मान बचाया है। देश में 6 चरण के चुनाव समाप्त हो चुके हैं, जिसमें से 5 चरणों के मतदान में ही आदरणीय मोदी जी 310 से ज्यादा सीटें जीतकर सरकार बना रहें हैं और 7वां चरण 400 पार कराने का है। **4 जून को 400 से ज्यादा सीटों के साथ भारतीय जनता पार्टी की सरकार बनने जा रही है**। भाजपा की सरकार तो बन रही है लेकिन माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी की माला में पंजाब के कमल की कमी है, पंजाब में कमल खिलने के बाद प्रदेश को खुशहाल बनाने का काम किया जाएगा। श्री रावनीत बिट्टू जब कांग्रेस के सांसद थे, तब भी संसद में मैंने कहा था कि जिन्होंने ने भी श्री रावनीत बिट्टू के दादा जी की हत्या की है, उनको हम कड़ी से कड़ी सजा दिलाएंगे।

श्री शाह ने कहा कि **4 जून को देश में 400 से ज्यादा सीट जीत कर भाजपा विजय परचम लहराएगी, 1 जून को अरविंद केजरीवाल जेल जा रहे हैं और 6 जून को राहुल गांधी छुट्टियों पर विदेश यात्रा पर जा रहे हैं।** यह चुनाव 2 खेमों के बीच में है, एक ओर थोड़ी गर्मी बढ़ते ही विदेश भागने वाले राहुल गांधी है और दूसरी ओर 23 वर्षों से एक भी छुट्टी नहीं लेने वाले और सैनिकों के साथ दिवाली मनाने वाले आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी हैं। **आम आदमी पार्टी और कांग्रेस पार्टी देशभर में एक साथ चुनाव लड़ रहे हैं, लेकिन पंजाब में आते ही दुश्मन बन जाते है। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी देश की जनता को जवाब दे कि अगर दिल्ली, हरियाणा, गुजरात में गठबंधन है तो पंजाब में नूराकुश्ती का खेल क्यों खेला जा रहा है**। यह इंडी गठबंधन, जो आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के सामने चुनाव लड़ रहा है, इसका इतिहास जनता को भली-भांति मालूम है। **एक ओर**, **12 लाख करोड़ के घपले घोटाले करने वाली कांग्रेस और उसके सहयोगी दल हैं और दूसरी तरफ, 23 वर्षों तक प्रधानमंत्री और मुख्यमंत्री रहने के बाद भी 25 पैसे के भ्रष्टाचार का भी आरोपी नहीं होने वाले माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी है।** जो लोग चुनाव जीतने के लिए हिन्दू-सिख की बात करते हैं, उन्हें आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी से सीखना चाहिए कि उन्होंने करतारपुर साहब कॉरीडोर भी बनाया और राम मंदिर भी बनाया है। **यह स्पष्ट है कि अगर भारतीय जनता पार्टी देश की आजादी के समय होती**, **तो करतारपुर साहब कॉरीडोर पाकिस्तान में नहीं बल्कि भारत में होता।** आदरणीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने सही कहा था कि 1971 में जब हम लड़ाई जीते थे, तब पाकिस्तान के 1 लाख सैनिक भारत की गिरफ्त में थे, उस समय भी अगर करतारपुर साहब कॉरीडोर मांग लेते तो वह आज भारत में ही होता।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने कहा कि **दुनिया भर के सिख कई वर्षों तक कॉरीडोर बनने की मांग करते रहे, ताकि वह गुरुनानक देव को श्रद्धांजलि दे सके, लेकिन विपक्ष की सरकार ने कॉरीडोर नहीं बनाया। माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी के नेतृत्व में भाजपा सरकार ने कॉरीडोर का निर्माण कराया।** कांग्रेस पार्टी 70 वर्षों से राम मंदिर के मुद्दे को अटका कर रखा था, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी ने 22 जनवरी 2024 को अयोध्या में भव्य राममंदिर का निर्माण करवाकर राम लला की प्राण-प्रतिष्ठा की। **माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी न केवल राम मंदिर बनाया, बल्कि औरंगजेब द्वारा तोड़े गए काशी विश्वनाथ कॉरीडोर का भी पुनर्निर्माण कराया और सोमनाथ मंदिर को सोने से बनाने का काम भी जारी है।** कांग्रेस पार्टी और आप पार्टी के नेता कहते हैं कि पाकिस्तान का सम्मान करो और पाक अधिकृत कश्मीर की मांग मत करो, क्योंकि उनके पास परमाणु बम है, लेकिन भाजपा सरकार परमाणु बम के नाम से नहीं डरती है और पाक अधिकृत कश्मीर को वापस लेकर रहेगी। **भाजपा सरकार अफगानिस्तान, पाकिस्तान और बांग्लादेश में फंसे हुए सिक्ख और हिन्दू भाई-बहनों को भारत लाने के लिए सीएए कानून लेकर आए लेकिन कांग्रेस और आम आदमी पार्टी इसका भी विरोध करते हैं**। भारतीय जनता पार्टी की सरकार ने वन रैंक, वन पेंशन योजना के तहत 1 लाख 20 हजार करोड़ सेना के जवानों के खातों में जमा किया।

श्री शाह ने कांग्रेस पर प्रहार करते हुए कहा कि **कांग्रेस पार्टी ने हमेशा पंजाब को घाव दिए हैं। पहले विभाजन का घाव दिया, फिर बंटवारे का घाव दिया, अस्थिरता और उग्रवाद पनपने दिया और आज भी अलगाववाद को आगे बढ़ा रहा है।** कांग्रेस ने दिल्ली में सिक्खों का नरसंहार कराया। कांग्रेस और आम आदमी पार्टी ने पंजाब को नशे की आग में झोंका। **पंजाब के युवाओं में नशे की बढ़ती हुई लत अत्यंत गंभीर और पीड़ादायक विषय है, आगामी कार्यकाल में मोदी सरकार पंजाब से ड्रग्स को जड़**

**मूल समेत उखाड़कर फेंक देगी।** केंद्र की भाजपा सरकार पंजाब में एनसीबी का कार्यालय खोलने की तैयारी कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री श्री मोदी जी ने धारा 370 को समाप्त कर कश्मीर से आतंकवाद को खत्म किया है और पंजाब में आतंकवाद का समर्थन करने वाले भी यह समझ लें कि अगर कोई आतंकवादी गतिविधियों में लिप्त पाया गया तो भाजपा सरकार किसी को नहीं छोड़ेगी।

केन्द्रीय गृह एवं सहकारिता मंत्री ने दिल्ली के मुख्यमंत्री पर निशाना साधते हुए कहा कि **पूरा पंजाब आज भ्रष्टाचार का अड्डा बना हुआ है, केजरीवाल को केस लड़ने के लिए फीस चाहिए, तो पंजाब के एटीएम से उठा लेते हैं। चुनाव लड़ना है तो "मान" नाम का कार्ड एटीएम में डालकर पैसे दिल्ली ले जाते हैं।** पंजाब के मुख्यमंत्री का हाल यह है कि केजरीवाल को गुजरात, बंगाल या चेन्नई जाना होता है तो मान साहब उनके साथ पायलट बनकर हर जगह जाते हैं। **भगवंत मान पंजाब के मुख्यमंत्री हैं या केजरीवाल के पायलट यह समझ नहीं आ रहा है।** मगर भगवंत मान ने एक काम अच्छा किया कि अरविंद केजरीवाल के साथ जेल नहीं गए। भाजपा सरकार ने हमेशा ही सिक्ख समुदाय और गुरु परंपरा को सम्मान देने का कार्य किया है। **मोदी सरकार ने 26 दिसम्बर को वीर बाल दिवस मनाने का काम किया, 120 करोड़ की लागत से करतारपुर साहब कॉरिडर बनाया, नानक देव साहब का 550वां प्रकाशवर्ष, गुरु गोविंद सिंह का 350वां प्रकाशवर्ष मनाया, पोस्टल स्टाम्प जारी किये, अमृतसर को स्मार्ट सिटी बनाया, लंगर और मंदिरों के प्रसाद से जीएसटी हटाया, सिक्ख दंगों के पीड़ितों को 5 लाख का मुआवजा और दंगे के दोषियों को सजा दिलाने का काम भी भाजपा सरकार ने किया।**

श्री शाह ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि **आम आदमी पार्टी की सरकार ने माताओं-बहनों को 1000 रुपये देने का वादा किया था, राज्य को 1 महीने के भीतर नशामुक्त बनाने और 16 मेडिकल कॉलेज खोलने जैसे अनेकों झूठे वादे किए थे, लेकिन एक भी वादा पूरा नहीं किया।** पंजाब का सूबा वीरों का प्रदेश है, पंजाब को सुधारना मसखरी करने वालों के बस की बात नहीं है। आम आदमी पार्टी ने पंजाब के सम्मान को खत्म किया है, 2 वर्षों में 50 हजार करोड़ से अधिक का कर्ज लेकर पंजाब के बच्चों को कर्ज तले दबा दिया है। पहले कांग्रेस, फिर अकाली दल और भगवंत मान की सरकार भी यही कर रही है। माननीय प्रधानमंत्री जी ने आयुष्मान भारत योजना के तहत हर गरीब को 5 लाख रुपए तक का मुफ्त इलाज कराने की सुविधा दी है. लेकिन पंजाब सरकार इसका अमल नहीं कर रही है। पंजाब सरकार झोलाछाप सरकार है। **केंद्र सरकार 5 किलो मुफ्त भेज रही है लेकिन भगवंत मान की सरकार उस पर केजरीवाल की फोटो लगाकर लोगों को बाँट रही है, अगर चिंता थी तो अनाज में 2 किलो की बढ़त करके जनता को दे देते।** डबल इंजन की सरकार वाले सभी राज्य विकास की पटरी पर आ चुके हैं। भारतीय जनता पार्टी की सरकार के नेतृत्व में गुजरात, राजस्थान, मध्य प्रदेश, उत्तर प्रदेश, महाराष्ट्र जैसे सभी राज्यों में विकास के नए आयाम स्थापित हुए हैं। पंजाब में भाजपा की विजय के बाद लंबे समय तक टिकने वाली नहीं है। श्री शाह ने पंजाब के विकास, राज्य में अलगाववाद को समाप्त करने, राज्य में ड्रग्स को समाप्त करने के लिए और राज्य में हिन्दू-सिक्ख एकता को मजबूती प्रदान करने के लिए आगामी चुनाव में कमल का बटन दबाकर भाजपा को विजय बनाने और माननीय श्री नरेन्द्र मोदी जी को तीसरी बार प्रधानमंत्री बनाने की अपील की।

*********************